संक्षिप्त

जितेन्द्र विजयवर्गीय बने सदस्य

जितेंद्र विजयवर्गीय

निवाई, (निसं)। अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। विजयवर्गीय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व महापौर कोटा महेश विजयवर्गीय ने कार्यकारणी में निवाई निवासी जितेन्द्र विजयवर्गीय को राष्ट्रीय युवा समिति सदस्य के पद पर मनोनीत किया है। मनोनीत सदस्य जितेन्द्र विजयवर्गीय को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

सीताराम सैनी को पितृशोक

साधुराम सैनी

श्रीमाधोपुर, (निसं)। लायंस क्लब अध्यक्ष सीताराम सैनी के पिता साधु राम सैनी का सोमवार सुबह 10:30 बजे देवलोक हो गया। जिनका विजय कॉलोनी स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। साधु राम सैनी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोडकर गए हैं। उनके पांच पुत्रों में बडे पुत्र वैज्ञानिक सीताराम सैनी है। दूसरे नंबर के डॉ आर. एल. सैनी कॉलेज व्याख्याता हैं। बलबीर सैनी व्यवसायी, अरविंद कुमार सैनी समाज कल्याण विभाग में जॉइंट डायरेक्टर व सबसे छोटे पुत्र राजेंद्र सैनी असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर कार्यरत है। सैनी के पिता के देवलोक गमन पर लायंस क्लब, सैनी विकास समिति, महाकाल सेवा समिति समेत सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं व पत्रकारों ने स्वेदना प्रकट की है।

प्रमोद कालावत बने अध्यक्ष

प्रमोद कालावत

फुलेरा, (निसं)। कस्बे की बिचून सड़क स्थित समाज भवन में बलाई समाज विकास परिषद के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। जिसमें प्रमोद कुमार कालावत को अध्यक्ष चुना गया है। उपरोक्त जानकारी के अनुसार उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी कुन्दनमल भंवरिया (सुरज) को 11 मतों से पराजित किया और अध्यक्ष पद पर प्रमोद कालावत को 45 मत प्राप्त हुए और कुंदलमल भंवरिया (सूरज) को 35 मत प्राप्त हुए। वहीं 1 मत खारिज हुआ। गौरतलब है कि चुनाव संचालन कमेटी के सदस्य मोतीलाल परिहार, कालूराम पोरवाल, कन्हैया लाल गांधी की देख रेख में संपन्न हुए। वहीं चुनाव अधिकारी एडवोकेट भागचन्द सांभरिया ने मतगणना के बाद चुनाव परिणाम की घोषणा की। चुनाव के दौरान परिषद के अध्यक्ष पांचू लाल बरबड़ ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद कालावत का माला, साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया। इसी क्रम में समाज के नागरिकों ने चुनाव संचालन समिति का भी माला व साफा पहना कर स्वागत अभिनन्दन किया साथ ही खुशी जाहिर की। चुनाव के दौरान परिषद के महामंत्री व व्यवस्थापक रामप्रसाद नारोलिया ने अपनी टीम के साथ व्यवस्था बनाए रखी। समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद कालावत को उनके परिचितों व रिश्तेदारों ने व्यक्तिगत एवं मोबाईल पर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।

इनामी बदमाश गिरफ्तार

दौसा, (निसं)। पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार अग्रवाल के सुपरविजन में सैथा थाना पुलिस में गठित विशेष टीम ने सोमवार को दबिश देकर 5 हजार रुपये के इनामी बदमाश धर्मसिंह उर्फ धर्मा गुर्जर को गिरफ्तार किया है। बदमाश धर्मसिंह उर्फ धर्मा को सैथा पुलिस अपहरण सहित अन्य मामालों में तलाश कर रही थी।

मारपीट कर सामान ले जाने वाली गैंग का सदस्य गिरफ्तार

- प्रकरण में एक बाल अपचारी को बाल सुधार भेजा
- आरोपी से एक ड्रोन कैमरा व मोबाइल बरामद

निवाई, (निसं)। पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक के साथ मारपीट कर सामान छीन कर ले जाने वाली गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में एक बाल अपचारी को भी बाल सुधार गृह भिजवाया गया है। थाना अधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा के निर्देशन में गठित टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि 23 मई को धर्मपाल पुत्र कजोडमल गुर्जर निवासी सरीमा थाना लालसोट ने थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था कि वह रात्रि को ग्राम सिसोलाव से शादी के कार्यक्रम में वीडियो शूटिंग का कार्य करके मोटरसाइकिल से निवाई होता हुआ अपने गांव जा रहा था। बाईपास पर स्थित महावीर ढाबे के पास करीब रात्रि लगभग 12:30 बजे चार व्यक्तियों ने उसकी बाईक के आगे मोटरसाइकिल लगाकर रुकवाया और मोटरसाइकिल की चाबी निकाल ली और धमकी देकर उनकी गाडी पर बैठा लिया और पास में खेत में ले गए। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करके ड्रोन कैमरा, मोबाइल, चांदी का कडा, दो चांदी की अंगुठियां व इयर फोन छीन लिए और मोटरसाइकिल पर बैठकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज करके आरोपियों को पकड़ने के लिए स्पेशल टीम का गठन किया। टीम ने घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे के फुटेजों को खंगाला। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने आरोपी कमलेश उर्फ कमल गुर्जर पुत्र रामस्वरूप गुर्जर निवासी रामचंद्रपुरा थाना दतवास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक ड्रोन कैमरा और मोबाइल भी बरामद किया है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ जारी है।

पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ जारी है।

कम वोल्टेज की समस्या से लोग त्रस्त

देवली, (निसं)। शहर के समीप ऊंचा पंचायत स्थित श्याम नगर कॉलोनी में आए दिन बिजली आपूर्ति ठप रहने तथा कम वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान हो रहे है।

कॉलोनी वासी भानु सिंहल, हरिराम शर्मा, राजकुमार सिंधी, हन्नु सिंह शक्तावत, बाबूलाल मीणा, कमल जैन, चंद्र प्रकाश नामा समेत लोगों ने बताया कि श्याम नगर कॉलोनी में दर्जनों परिवार रहते हैं। इन दोनों पड रही भीषण गर्मी के चलते यहां कई बार पूरी रात बिजली बंद रहती है। गर्मी के चलते लोग बेहाल है। वहीं बिजली आपूर्ति आती है तो वोल्टेज काफी कम आता है। जिसकी वजह से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फूंकने का लोगों को डर सता रहा है। निगम के अभियंताओं को फोन किया जाता है। अधिकारी कॉलोनी वासियों का फोन रिसीव नहीं करते। इसी तरह भीषण गर्मी के बीच यहां लोग पेयजल संकट से भी जूझ रहे हैं। लेकिन संबंधित प्रशासन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। इस संबंध में सहायक अभियंता जहाजपुर का कहना है कि उक्त क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या है। आगामी 4 जून के बाद इसका प्रस्ताव बनाकर सही करवाया जाएगा। मौजूदा समय में आचार संहिता होने की वजह से प्रपोजल सेंशन नहीं हो पा रही है।

पं. नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये

टोंक, (निसं)। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व.पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी टोंक की ओर से स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की नेहरू पार्क टोंक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

पूर्व विधायक कमल बैरवा ने पंडित नेहरू को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आजादी के बाद नेहरू ने अपनी दूरदर्शिता से राष्ट्र के निर्माण एवं लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूती प्रदान करने के लिए कई महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय लिए। उन्होने कहा कि एक दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन-स्वतंत्रता आंदोलन, लोकतंत्र स्थापन, धर्मनिरपेक्षता और संविधान की नींव रखते हुए भारत निर्माण के लिए समर्पित किया। राष्ट्र के लिए उनका अद्वितीय एवं अभूतपूर्व योगदान सदैव याद रखा जाएगा, जो आने वाली पीढियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, देहात ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी देवी मीणा, दिनेश चौरसिया, पार्षद विकास लोदी, जर्रार खान, मुराद गांधी, अजीज कुरैशी, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद खान, इम्तियाज खान, कमलेश चावला हनुमान यादव, मनिंदर बैरवा, पार्षद फोजु राम मीणा, मूल चंद बैरवा नसीम अंसारी दीपक चंदेल आदि के अलावा बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद किया।

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद किया।

अलवर। जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की ओर से आधुनिक भारत के निर्माता एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि पुराना सूचना केंद्र स्थित पंडित नेहरू की प्रतिमा पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कांग्रेसजनों ने नेहरू जी द्वारा देश के विकास के लिए संसदीय सरकार की स्थापना, विदेशी मामलों में अपनी गुटनिरपेक्ष नीतियों से देश का मान बढाने, आईआईटी, आईआईएम, एम्स आदि संस्थाओं की स्थापना आदि कार्यो को याद किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेन्द्र गंडूरा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अजीत यादव, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव गफूर खान, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयदीप आर्यन, राजेश कृष्ण सिद्ध, साजिद खान, जमशेद खान, एसआर यादव, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, सोनू गोपालिया, धर्मपाल नंगली, अशोक धानका, ओमप्रकाश सैन, पार्षद दुर्गा सिंह, पार्षद कुलदीप माथुर, डालचंद, जगदीश जाटव, योगेश शर्मा, रहमतुल्ला खान आदि मौजूद रहे।

हत्या मामले में फरार वांछित आरोपी गिरफ्तार

- गांव डांगरथल की है घटना

निवाई, (निसं)। पुलिस ने हत्या के प्रकरण में फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के निकट सुपरविजन में गठित टीम ने गिरफ्तार किया है।

थाना अधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि 16 मार्च को प्रिया शर्मा पुत्री रामअवतार शर्मा ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि उसके पिता रामअवतार शर्मा व चाचा शिवजीलाल के साथ आरोपी सीताराम पुत्र जगदीश शर्मा, हनुमान पुत्र जगदीश शर्मा, जगदीश पुत्र रामनिवास शर्मा निवासी डांगरथल हाल निवासी महर्षि गौतम नगर बीलवा रोड जयपुर ने एक राय होकर उनके मकान में घुसकर जानलेवा हमला किया था। जिसके कारण उसके पिता रामअवतार शर्मा की मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण में वांछित आरोपी ओमप्रकाश उर्फ पप्पू पुत्र जगदीश शर्मा निवासी डांगरथल को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी वर्मा ने बताया कि सीताराम, हनुमान व जगदीश को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

आमसभा में माली समाज के उत्थान एवं विकास पर चर्चा की

- समाज की कार्यकारिणी का गठन किया

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के वार्ड नंबर 10 श्रीरामनगर स्थित माली सैनी समाज भवन में माली सैनी समाज संस्थान रजिस्टर्ड फुलेरा की आमसभा का आयोजन नवनिर्वाचित अध्यक्ष तेजकरण सैनी की अध्यक्षता में किया गया। सभा के प्रारंभ में महात्मा ज्योतिबा फुले के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर सभा का शुभारंभ किया। इसके बाद समाजोत्थान एवं विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। तत्पश्चात बैठक के अंतर्गत अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया।

जिसमें एडवोकेट राहुल इन्दौरा को महामंत्री, गणेश खडोलिया को कोषाध्यक्ष, सुरेश सांखला और दयानंद गढ़वाल को उपाध्यक्ष, रामजीलाल तुंदवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चन्द्रशेखर गढवाल को संगठन मंत्री, बाबूलाल अजमेरा को सांस्कृतिक मंत्री, श्याम लाल इन्दौरा और हेमराज गढ़वाल को प्रवक्ता (मीडिया प्रभारी), लक्ष्मी नारायण इन्दौरा, बिरदी चन्द गहलोत, मांगीलाल गहलोत, रामकृष्ण महावर, सत्यनारायण, भंवर लाल गढवाल, प्रेम बडीवाल, शेषनारायण खडोलिया, रामजीलाल पापटवान, हीरालाल तुन्दवाल, प्रदीप गहलोत को संरक्षक नियुक्त किया है। साथ ही महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था फुलेरा के अध्यक्ष के रूप में पूर्व पालिका उपाध्यक्ष शिवचरण खडोलिया को तो सामाजिक भवन के व्यवस्थापक के रूप में सत्यनारायण बागवाड को नियुक्त किया गया। उपरोक्त कार्यकारिणी की घोषणा के पश्चात उपस्थित प्रबुद्धजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सभी का स्वागत अभिनन्दन किया। इसी में कार्यकारिणी की घोषणा के बाद मन्दिर के जीर्णोद्धार को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

ग्रामीण-शहरी क्षेत्र में पेयजल सप्लाई नियमित करने के निर्देश : उपखंड अधिकारी

- ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

किशनगढबास, (निसं)। एसडीएम मूलचंद लूणिया की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक काले खां बाग में स्थित आईटी केंद्र के वीसीरूम में आयोजित की गई। बैठक में गर्मी के मौसम को मद्देनजर रखते हुए पानी बिजली एवं मौसमी बीमारियों को लेकर समीक्षा की गई।

बैठक में अधिकारियों से विभाग वाइज समीक्षा करते हुए एसडीएम मूलचंद लूणिया ने जलदाय विभाग को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पानी की सप्लाई नियमित रूप से करने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये। बिजली विभाग को विद्युत की निरबाध आपूर्ति हेतु निर्देश प्रदान किये। नगर पालिका पंचायत समिति एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में आपसी समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पशुओं एवं पक्षियों के लिए हौजा/परिंडे रखवाने हेतु निर्देशित किया एवं उन्हें समय-समय पर सफाई करवा कर नियमित रूप से पानी भरने एवं चिकित्सा विभाग को सभी चिकित्सालयों में पंखे, कूलर, ठंडे पानी एवं साफ सफाई की आवश्यक कार्रवाई हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये।

बैठक के दौरान नायब तहसीलदार किशनगढ़बास वीरेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार खैरथल मुकेश कुमार वर्मा, सहायक विकास अधिकारी किशनगढ़बास राजेंद्र प्रसाद, सहायक अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सीताराम, सहायक अभियंता जेवीवीएनएल किशनगढबास अनीश कुमार, कनिष्ठ अभियंता नगर पालिका किशनगढ़बास रवि कुमार, कनिष्ठ अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग किशनगढबास प्रवीण कुमार सैनी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किशनगढबास भारत भूषण शर्मा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी किशनगढबास बीना गुप्ता, डॉ जगदीश सिंह उपनिदेशक पशुपालन विभाग किशनगढ़बास, सहायक अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग किशनगढबास अनिल यादव मौजूद रहे।

किशनगढ़बास में आईटी केंद्र के वीसी रूम में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की एसडीएम मूलचंद लूणिया ने बैठक ली।

विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की

दौसा, (निसं)। स्कूल शिक्षा परिवार दौसा की कार्यकारिणी एवं निजी शिक्षण संस्था संचालकों की बैठक सोमवार को पं.सूर्यनारायण राजमिश्र टीटी कौंज में स्कूल शिक्षा परिवार के जिला संरक्षक एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉ. पीडी शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निजी शिक्षण संस्थाओं की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।

जिला प्रभारी हेमेन्द्र शर्मा ने बताया कि बैठक में गैर सरकारी विद्यालयों के उत्थान व विकास तथा विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। उन्होने बताया कि शीघ्र ही समस्या निवारण परिचर्चा आयोजित की जावेगी, जिसमें शिक्षामंत्री मदन दिलावर भाग लेगें। इस परिचर्चा में जिन मुद्दों पर चर्चा करनी है, उन पर निर्णय लिया गया साथ ही निजी विद्यालयों की समस्या व भुगतान के बारे में समस्या पर चर्चा की। बैठक में स्कूल शिक्षा परिवार के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पक्षियों के लिये परिन्डा लगाये गये। इस अवसर पर जिला संरक्षक डॉ. पीडी शर्मा, जिलाअध्यक्ष अनिल शर्मा, जिला प्रभारी हेमेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष षिराज मीना, जिला मंत्री जितेश जैमन, विजय शंकर शर्मा, योगेन्द्र शर्मा, श्रीराम शर्मा, सुभाष शर्मा, ज्ञानचंद शर्मा, मनोज शर्मा, मुकेश शर्मा, मनोज हरितवाल आदि उपस्थित रहे।

सार-समाचार

डाकपाल रामप्रसाद मीणा का सम्मान

दौसा, (निसं)। भारतीय डाक विभाग के तत्वावधान में आयोजित डाक संवाद-डाकघर आपके द्वार अभियान के तहत जिले के प्रधान डाकघरों, उप डाकघर व शाखा डाकघरों में दो दिवसीय डीडीसी शिविर लगाये गये। शिविर में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वही दूसरी ओर शिविर में उत्कृष्ठ कार्य करने पर डाकपाल रामप्रसाद मीणा को सम्मानित किया गया।

मामूली विवाद पर उपजा तनाव

देवली, (निसं)। शहर के एजेंसी एरिया हनुमान नगर थाना क्षेत्र में रविवार रात मामूली विवाद को लेकर तनाव उपजा। इस दौरान एक पक्ष के लोगों ने 50 वर्षीय कॉलोनी निवासी व्यक्ति का सिर फोड दिया। हालांकि यह मामला इतना गंभीर नहीं था लेकिन बाद में आपसी खींचतान के वजह से इसकी दिशा बदल गई। इसके बाद एजेंसी एरिया के अंसारी कॉलोनी क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति हो गई। यहां पर बवाल मचने की सूचना पर हनुमान नगर व देवली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वही दोनों पक्षों के लोगों से समझाईश की। दरअसल अंसारी कॉलोनी के दो पक्षों में रविवार दोपहर से विवाद चल रहा था। बताया गया कि कॉलोनी के एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के एक बच्चे को निर्माण अधीन मकान के नीचे साइकिल नहीं चलाने व खेलने से मना किया। एक पक्ष ने यह बात इसलिए कही की शाम के वक्त मौसम खराब हुआ तथा तेज आंधी आ रही थी। जिस मकान में लगी आरसीसी की सेटरिंग गिरने का अंदेशा बना था। इस बात पर दूसरे पक्ष के लोग गुस्सा गए व मारपीट शुरू कर दी। इसे लेकर प्रार्थी हेमंत बैरवा ने रविवार शाम हनुमान नगर थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी शराफत अली अंसारी व उनके पुत्रों ने उनके पिताजी के द्वारा टोकने पर गाली गलौज की तथा मारपीट की। आरोप लगाया कि इन लोगों ने उनके साथ घर की महिलाओं व बच्चों से भी मारपीट की। वहीं जातिसूचक शब्दों से अपमानित भी किया। जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमंत बैरवा मामले की रिपोर्ट लेकर हनुमान नगर थाने गए हुए थे। वही पीछे से कुछ लोग हमला कर दिया और एक पक्ष का व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार कुछ लोगों को पुलिस ने इस मामले में डिटेन किया है। वही पुलिस ने शांतिभंग में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को जानकारी मिली कि उक्त घटना में 9 जने घायल हुए हैं।

खेल मैदान को कराया अतिक्रमण मुक्त

श्रीमाधोपुर, (निसं)। तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, फूटाला के खेल मैदान खसरा नंबर 517 रकबा 0.21 है, को अतिक्रमण मुक्त करा कब्जा विद्यालय प्रशासन को सुपुर्द किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय को सन् 2013 में स्थानीय काश्तकार घासीराम मंगावा के परिवार ने खेल मैदान के रूप में भूमि दान की थी। गौरतलब है कि ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी श्रीमाधोपुर द्वारा विद्यालयों के खेल मैदानों को अतिक्रमण मुक्त कराने का निवेदन किया था, जिस पर उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर के आदेशानुसार विद्यालय के खेल मैदानों को अभियान रूप में लेकर राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। गत सप्ताह भी राजस्व प्रशासन द्वारा हांसपुर व जलालपुर के विद्यालयों के खेल मैदानों को अतिक्रमण मुक्त करा कब्जा विद्यालय प्रशासन को सौंपा था। इस कार्यवाही के दौरान पटवारी हल्का फूटाला किशनलाल मीना, पटवारी हल्का मुंडरू जितेन्द्र मीना, पटवारी हल्का शिमारला जागीर कृष्ण यादव व भू अभिलेख निरीक्षक ताराचंद सैनी उपस्थित रहे।

पेयजल आपूर्ति शीघ्र शुरू कराने की मांग

सिरस, (निसं)। श्योसिंहपुरा गांव सहित कई गांवों में पिछले 7 दिनों से बीसलपुर की पेयजल आपूर्ति बंद रहने से लोगों को पेयजल किल्लत से जूझना पड रहा है। पूर्व सीआर देवकरण गुर्जर, जीएसएस के पूर्व अध्यक्ष श्यामलाल योगी, रामजी जाट, रामेश्वर नाथ, बाबूलाल नाथ, रामजीलाल जाट, रतनलाल जाट व बजरंगलाल प्रजापत सहित कई लोगों ने बताया कि बीसलपुर पेयजल लाइन पुरानी होने से क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसको बीसलपुर पयोजना के अधिकारी ठीक करने से बच रहे है और अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड है। जिससे गांव श्योसिंहपुरा, भेरूगंज, जीराबाद व खलीलाबाद सहित कई गांवों की पेयजल आपूर्ति पिछले 7 दिनों से बंद है। पानी की सप्लाई बंद होने से पीने के पानी के लिए महिलाओं को गांव से आधा किमी दूर कुओं से पीने का पानी भरकर लाना पड रहा है। भीषण गर्मी के मौसम में पेयजल किल्लत के चलते लोगों को पीने के पानी के लिए मुश्किलों का सामना करना पड रहा है। श्योसिंहपुरा गांव में वार्ड नंबर 2 रघुनाथ जी मंदिर जाटों के मोहल्ले में पाइप लाइन में तीन महीने से पानी नहीं आ रहा है। जिसकी शिकायत करने के बाद अधिकारी पेयजल आपूर्ति की जिम्मेदारी गांव की समिति की बताकर अपना पल्लू झाड लेते हैं। पेयजल आपूर्ति शुरू करवाने के लिए बीसलपुर योजना के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी आपूर्ति शुरू नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बीसलपुर योजना के उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भेज कर पेयजल आपूर्ति शीघ्र शुरू करवाने की मांग की है।

अस्पताल में जांच के लिए डिप्टी सीएमएचओ टीम सहित पहुंचे

- अस्पताल में व्याप्त अनियमितताओं को तीन दिवस में पूर्ण कर जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजन को निर्देशित किया
- ग्रामीणों ने अस्पताल की अनियमितताओं में सुधार को लेकर ज्ञापन सौंपा

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। कालाडेरा कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक मरीजों से कर रहे लूट, ओपीडी समय पर चिकित्सक मरीजों की पर्चियों व अपने नाम के लेटर हेड पर बाहर की दवाइयां व जांचें लिखकर मोटी कमाई कर रहे हैं कि ख़बर प्रकाशित होने के बाद सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमएचओ प्रवीण झारवाल के साथ उच्च अधिकारियों की एक टीम जांच के लिए कालाडेरा अस्पताल पहुंची।

टीम ने अस्पताल परिसर में हर जगह घूम कर निरिक्षण किया। निरिक्षण के दौरान अस्पताल में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर अस्पताल प्रभारी को तीन दिन में अनियमितताओं को सुधार कर रिपोर्ट भेजने की बात कही। वहीं अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों की टीम आने की सूचना मिलते ही कस्बे के व्यापार मण्डल अध्यक्ष महेश कुमार योगी, जगदीश प्रसाद पंचोली, मूलचन्द टेलर सहित अन्य ग्रामीण अस्पताल पहुंच अस्पताल में हो रही अनियमितताओं को लेकर डिप्टी सीएमएचओ प्रवीण झारवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने अवगत कराया की कई महीनों से लैब रजिस्ट्रेशन काउंटर को अव्यवस्था के चलते इसको बन्द कर दिया गया है जिससे मरीजों को अस्पताल के चारों तरफ चक्कर लगाने पड़ते हैं। रजिस्ट्रेशन काउंटर को निधारित जगह पर दोबारा से चालू करवाया जाए। वही इमरजेंसी गेट के सामने बिना कारण वश वाहनों के खड़े रहने से इमरजेंसी मरीजों को तत्काल इलाज नहीं मिलता है अस्पताल परिसर में अनाधिकृत जांच केन्द्र वाले लोग घूमते रहते हैं तथा मरीजों की जांच पर्ची हाथ से छीन कर अपनी लैबों पर लेकर जाते हैं। वहीं चिकित्सक के द्वारा एनपीए (नॉन प्रैक्टिसंग एलाउंस) लेने के बाद भी फीस लेकर मरीज का इलाज करते है व बाहर की दवाइयां व जांच के लिए प्रेरित करते हैं। महिला व पुरुष वार्ड की पृथक-पृथक व्यवस्था की जाए ताकि महिला मरीजों को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। अस्पताल समय में सभी चिकित्सक व कर्मचारियों को अस्पताल में रहने के लिए पाबन्द करने की मांग की है।